भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3036
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

माई भारत बजट क्वेस्ट 2026

3036# श्री शंभू शरण पटेल:
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:
श्रीमती माया नारोलिया:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नीतिगत चर्चा में युवा भागीदारी को मजबूत करने में माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 के माध्यम से प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या इस कार्यक्रम के अंतर्गत 17 क्षेत्रों के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु कोई तंत्र मौजूद है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या नारी शक्ति युवा संसद ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने में योगदान दिया है;

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) कार्यक्रम के निबंध घटक में प्राप्त हुई भागीदारी का पैमाना क्या रहा और किन भाषाओं में प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं; और

(छ) युवाओं में वित्तीय साक्षरता और नागरिक-नेतृत्व के निर्माण हेतु माई भारत बजट क्वेस्ट और नारी शक्ति युवा संसद की क्या कार्ययोजना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का आयोजन केंद्रीय बजट 2026–27 के संबंध में युवाओं की सूचित सहभागिता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक नीति संबंधी विमर्श में उनकी प्रतिभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना,

बजटीय प्राथमिकताओं पर विश्लेषणात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना, क्विज़, निबंध और चर्चाओं के माध्यम से युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना तथा राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ प्रत्यक्ष संवाद को सुगम बनाना था।

(ख) और (ग): माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से युवाओं का व्यापक भौगोलिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए 17-जोन वाली कार्यान्वयन रूपरेखा अपनाई गई थी। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का 17 जोन में समूहीकरण किया गया तथा कार्यक्रम की चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित युवाओं को संबंधित जोनल स्थलों पर आमंत्रित किया गया। इस जोन-आधारित दृष्टिकोण से देश के विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई तथा कार्यक्रम में व्यापक क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को सुगम बनाया गया।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जोन का विवरण निम्नानुसार है:

जोन	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
जोन 1	जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख
जोन 2	चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश
जोन 3	उत्तराखंड और दिल्ली
जोन 4	आंध्र प्रदेश
जोन 5	बिहार
जोन 6	अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा
जोन 7	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा ओडिशा
ज़ोन 8	केरल, लक्षद्वीप और कर्नाटक
ज़ोन 9	महाराष्ट्र और गोवा और पुडुचेरी
ज़ोन 10	गुजरात तथा दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव
ज़ोन 11	हरियाणा
जोन 12	छत्तीसगढ
ज़ोन 13	मध्य प्रदेश
जोन 14	राजस्थान
ज़ोन 15	तमिलनाडु और तेलंगाना
जोन 16	उत्तर प्रदेश
जोन 17	झारखंड और पश्चिम बंगाल

(घ) और (ङ): माय भारत यंग वुमेन्स मॉक पार्लियामेंट का आयोजन माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के एक समर्पित घटक के रूप में 17 स्थानों पर चयनित 6,979 युवा महिलाओं के लिए किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से एक संरचित संसदीय अनुकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक

संस्थाओं, संवैधानिक सुधारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में महिलाओं के महत्व से परिचित कराया गया। इसने युवा महिलाओं को शासन से संबंधित विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया, सार्वजनिक वक्तव्य और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी के संबंध में जागरूकता को सुदृढ़ किया तथा युवा महिलाओं में नेतृत्व और संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा दिया, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनकी सहभागिता को और सुदृढ़ किया गया।

(च) बजट क्वेस्ट के क्विज़ चरण में अर्हता प्राप्त कुल 46,747 प्रतिभागियों ने अपनी पसंद की भाषा में निबंध लिखा। भाषा-वार प्रतिभागिता इस प्रकार है: असमिया-20, बंगला-113, अंग्रेजी-39,479, गोवा कोंकणी-1, गुजराती-115, हिंदी-6,742, कन्नड़-57, कश्मीरी-2, मैथिली-4, मलयालम-14, मराठी-69, ओड़िया-24, पंजाबी-22, संस्कृत-1, संथाली-2, तमिल-45, तेलुगू-38 और उर्दू-9।

(छ) माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के द्वारा युवाओं को क्विज़, निबंध लेखन और चर्चाओं के माध्यम से केंद्रीय बजट, लोक वित्त तथा नीति-निर्माण की बेहतर समझ विकसित करने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे वित्तीय साक्षरता, विश्लेषणात्मक चिंतन तथा सार्वजनिक नीति संबंधी विमर्श में सूचित भागीदारी को बढ़ावा मिला। माय भारत यंग वुमेन्स मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से महिला आरक्षण विधेयक पर आधारित एक आभासी संसदीय अभ्यास के माध्यम से युवा महिलाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और संसदीय प्रक्रियाओं से परिचित कराया गया। इस पहल ने सार्वजनिक वक्तव्य, नेतृत्व, संवैधानिक जागरूकता और नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया तथा विकसित भारत के विज़न के अनुरूप लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और राष्ट्र-निर्माण में युवा महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया।

****